तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज पंचा.निग. मु.सं. 49/2019 बाधुदेवी बनाम बुधराम 2019/00088	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
17-02-2020	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीया बाधुदेवी पत्नी रामकरण जाति जाट निवासी दूसारणा पीपासरिया तहसील श्रीडूंगरगढ़ जरिये अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उक्त अनुवानी प्रकरण में आगामी तारीख पेशी 26.03.2020 है। उक्त प्रकरण में उभय पक्षों के मध्य राजीनामा हो गया है तथा अब निगरानीकर्ता उक्त निगरानी में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं चाहती है तथा उक्त निगरानी को विड्रा करना चाहती है। उक्त प्रकरण की पत्रावली को आज की तारीख पेशी में ली जाकर प्रार्थीनी को उक्त निगरानी विड्रा करने की अनुमति प्रदान करें। प्रार्थिनी के निवेदन पर पत्रावली आज की पेशी में ली गई। हमने पत्रावली एवं निगरानीकर्ता द्वारा प्रस्तुत विड्रा प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया तथा प्रार्थिया एवं अप्रार्थी संख्या 1 बुधराम पुत्र सुगनाराम जाति जाट निवासी दूसारणा पीपासरिया तहसील श्रीडूंगरगढ़ उपस्थित आकर को इस संबंध में विड्रा प्रार्थना पत्र एवं आदेशिका पर सहमति स्वरूप हस्ताक्षर किये जिसकी पहचान श्री रामरतन गोदारा एडवोकेट द्वारा की गई है तथा उभय पक्ष की ओर से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का पहचान पत्र पेश किया गया। अप्रार्थी संख्या 2 के विरूद्ध इकतरफा है। अतः निगरानीकर्ता का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा निगरानीकर्ता द्वारा प्रस्तुत निगरानी जरिये विड्रावल खारिज की जाती है। विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीडूंगरगढ़ की मूल अपील पत्रावली लौटाई जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। अति. जिला कलक्टर (प्रशासन), बीकानेर	